भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः **www.bsgindia.org** इमेल आईडीः **info@bsgindia.org** दूरभाषः**+91-11-23370126, 23378667**

परिपत्र संख्या : 10/2022

दिनॉक : 12 जनवरी, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः– आजादी का अमृत महोत्सव–संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित की जाने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता।

महोदय/महोदया,

आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 वर्ष एवं इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। यह भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित किया गया है

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में **'देशभक्ति गीत लेखन, रंगोली बनाना एवं देशभक्ति लोरी (गीत) लेखन'** पर देशव्यापी प्रतियोगिताओं की घोषणा की है। प्रतियोगिता के विजेताओं को 06 लाख रूपये तक नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागिता में प्रत्येक प्रविष्टि को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी एक प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। प्रतियोगिता 31/01/2022 तक खुली हुई है। इन प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.amritmahotsav.nic.in** से प्राप्त की जा सकती है।

संस्कृति मंत्रालय, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों को प्रेरित करने तथा आजादी का अमृत महोत्सव को जन भागीदारी के साथ एक सफल आन्दोलन बनाने के लिए स्काउट्स एवं गाइड्स का मार्गदर्शन करने हेतु है। इसके लिए हमें पूर्वनिर्धारित बैचों में स्काउट्स/गाइड्स/रोवर्स/रेंजर्स से सम्पर्क करने में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के समस्त राज्य संघों का सहयोग प्रदान करने की आवश्यकता है, ताकि वे जूम बैठकों में भाग ले सकें। हम राज्य संघ से अनुरोध करते हैं कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों तक पहुँचने में संस्कृति मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारियों के साथ समन्वय करने हेतु राज्य संगठन आयुक्त/राज्य प्रशिक्षण आयुक्तों को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करें। निम्नलिखित आउटरीच टीम आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में जनभागीदारी के सम्बन्ध में राज्य संघ के नोडल अधिकारी के साथ सम्पर्क में रहेगी। संस्कृति मंत्रालय की टीम का सम्पर्क विवरण नीचे दिया गया हैः

1. श्री विनय मित्तल–मोबाइल नं. 98101420202
2. सुश्री तान्या मारवाह–मोबाइल नं. 9711088429
3. श्री मयंक शर्मा –मोबाइल नं. 9654313901

कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सदस्य एव दल राज्य संगठन आयुक्त/राज्य प्रशिक्षण आयुक्त से सम्पर्क करेंगे।

आजादी की 75वीं वर्षगाँठ पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में श्रृद्धांजलि के रूप में हमारे कार्यों को व्यक्त होने दें।

इस सम्बन्ध में आपका सहयोग अपेक्षित है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(राजकुमार कौशिक)
निदेशकDS

प्रतिलिपि :–

1. निदेशक, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को सादर सूचनार्थ।
2. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
3. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
4. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
5. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
6. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ।
7. सभी सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स को इस निर्देश के साथ कि इस विषय को सभी राज्य संघों/प्रतिभागियों, यदि कोई हो तो उन्हें सूचित करें।
8. श्री विनय मित्तल, टीम सदस्य संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।

JDS/12.01.2022